न्यायालय भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सदर, हजारीबाग।

B

III

विविध वाद संख्या–35/2016–17

विजय कुमार सिन्हा बनाम श्रीमती माध्वी सिन्हा

:–आदेश:–

31/07/18

यह अभिलेख आवेदक श्री विजय कुमार सिन्हा एवं श्री अरविन्द कुमार सिन्हा पिता स्व0 गोविन्द प्रसाद साकिन–रूपीन थाना–चौपारण जिला–हजारीबाग वर्तमान पता–कुम्हारटोली पारनाला, सास्त्रीनगर, हजारीबाग द्वारा दायर आवेदन मौजा–कटकमसांडी थाना नं–36 के तहत खाता नं0–48 प्लॉट नं0–1431 रकवा–1.14 एकड़ मधे रकवा–0.38 एकड़ भूमि का अंचल अधिकारी, कटकमसांडी के दाखिल खारिज वाद संख्या–593/2016–17 के द्वारा निर्गत लगान रसीद को रद्द करने हेतु दायर किया गया।

उक्त आवेदन को दिनांक 05.06.2018 को सुनवाई के पश्चात् वाद को अंगिकृत करते हुए अंचल अधिकारी, कटकमसांडी से दाखिल खारिज वाद संख्या–593/2016–17 से संबंधित मूल अभिलेख की मांग की गई, एवं सुनवाई हेतु अगली तिथि 31.07.2018 निर्धारित की गई। अंचल अधिकारी, कटकमसांडी का पत्रांक 397 दिनांक 20.06.2018 के द्वारा मूल अभिलेख प्रेषित किया गया। न्यायालय की निर्धारित तिथि 31.07.2018 को उभय पक्षों के द्वारा अपने विज्ञ अधिवक्ता के माध्यम से तथा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन दायर किया गया, कि अब इस वाद को आगे नहीं बढ़ाना है। आवेदक द्वारा विपक्षी से सुलह कर ली गई है।

अतः उभय पक्षों द्वारा दायर सुलह आवेदन के आधार पर वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है। आदेश की प्रति के साथ अंचल अधिकारी, कटकमसांडी का मूल अभिलेख वापस भेजें।

लेखापित एवं संशोधित

ह० 31/07/18
भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सदर, हजारीबाग।

ह० 31/07/18
भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सदर, हजारीबाग।

Digitally signed by NIRBHAY KUMAR
Date: 2023.10.16 15:17:33 +05:30
Location: 192.168.1.49